देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे।
- महाशिवरात्रि का पर्व प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक के नकद उपचार के लिए पीएम राहत योजना शुरू करने की घोषणा की।
- और... ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभावी एकीकरण और डिजिटल ऊर्जा प्रणालियों के विकास पर ठोस रणनीति तैयार करने के लिए आईआईटी रुड़की में कार्यशाला आयोजित।

केदारनाथ धाम के कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा केदारनाथ धाम के कपाट यात्रा वर्ष 2026 के लिए 22 अप्रैल को प्रातः आठ बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जायेंगे। आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में पंचांग गणना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह शुभ मुहूर्त घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्वान आचार्यों, हक–हकूकधारियों और बदरी–केदार मंदिर समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में घोषणा के बाद श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। परंपरा के अनुसार निर्धारित तिथि पर बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारपुरी के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा तैयारियों को लेकर प्रशासन और मंदिर समिति ने प्रबंध तेज कर दिए हैं।

महाशिवरात्रि–1

प्रदेश भर में आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व धार्मिक रीति रिवाज और और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही राज्य के विभिन्न शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालु जल, दुग्ध, बेलपत्र और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। बागेश्वर स्थित बागनाथ मंदिर में प्रातः चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। भक्तों ने विधि–विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना की। उधर बैजनाथ धाम, कपकोट, कांडा सहित शिव मंदिरों में शिवभक्तों द्वारा ॐ नमः शिवाय का जाप किया जा रहा है।

आचार्य कैलाश उपाध्याय के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व विशेष रूप से भक्तों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन श्रद्धा और सच्चे मन से की गई पूजा—अर्चना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग के उदय से हुआ। यह भी मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। इसके साथ ही ये भी मान्यता है कि महाशिव रात्रि के दिन ही भगवान शिव ने कालकूट नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था, जो समुद्र मंथन के दौरान बाहर आया था।

<u>महाशिवरात्रि—2</u>

वहीं उत्तरकाशी जिले के काशी विश्वनाथ मंदिर में इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि यह मंदिर वाराणसी के काशी विश्वनाथ के समान ही आध्यात्मिक महत्व रखता है। कहा जाता है कि भगवान शिव ने इस स्थान को अपनी तपस्थली के रूप में स्वीकार किया था, इसलिए इसे 'उत्तर की काशी' भी कहा जाता है।

मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन शक्तिपीठ और विशाल त्रिशूल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और पापों का नाश होता है। इस पावन अवसर पर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धाम में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस बीच हरिद्वार स्थित भगवान भोलेनाथ की ससुराल कहीं जाने वाली दक्षेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही लंबी—लंबी लाइनों में लगकर भक्तों ने महादेव की पूजा अर्चना की। भक्तों का मानना है कि सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ को गंगाजल चढ़ाने पर मनोकामना पूरी होती है।

<u>पीएम राहत योजना</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सडक दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना में किसी भी तरह की सडक पर दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी।

<u>कार्यशाला</u>

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान—आईआईटी रुड़की ने इंडो—डेनिश द्विपक्षीय अनुसंधान पहल के तहत 'डिजिटलाइज्ड ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम' विषय पर एक महत्वपूर्ण हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभावी एकीकरण और डिजिटल ऊर्जा प्रणालियों के विकास पर ठोस रणनीति तैयार करना रहा।

कार्यशाला में नीति–निर्माताओं, राजनयिकों, उद्योग जगत के नेताओं और शैक्षणिक विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह पहल भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप अनुसंधान और बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन के बीच प्रभावी सेतु का कार्य करेगी। कार्यशाला में तकनीकी सहयोग, नवाचार और सतत ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

भारत में डेनमार्क के राजदूत समस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसेन, तथा आईआईटी रुड़की के उपनिदेशक यू.पी. सिंह सहित कई प्रमुख शिक्षाविद और उद्योग प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

<u>द्रोण महोत्सव</u>

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी देहरादून में भारतीय ग्रामोत्थन संस्था द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'द्रोण महोत्सव 2026' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विगत 37 वर्षों से संस्था हस्तकला, हस्तशिल्प एवं नेचुरल फाइबर के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। विशेष रूप से मातृशक्ति को स्थानीय संसाधनों से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। यह प्रयास वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को साकार करता है। ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल एक मेला नहीं, बल्कि ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रचार का सशक्त मंच है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, कारीगर एवं हस्तशिल्पी अपने परिश्रम से तैयार उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रहे हैं, जो उनके आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि कृषि और ग्रामीण विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर प्रभावी परिणाम दें।

<u>निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर</u>

राजधानी देहरादून के कंडोली धोरण खास वार्ड स्थित शिव मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर परीक्षण सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

<u>सड़क सुरक्षा जागरूकता</u>

हरिद्वार स्थित पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में एंटी–रैगिंग जागरूकता अभियान के साथ 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरन जीत कौर ने निःशुल्क विधिक सहायता व नागरिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की।

जबकि टीएसआई मोहित सिंह राठौड़ एवं परिवहन कर अधिकारी रविन्द्र पाल सैनी ने यातायात नियमों के व्यवहारिक पक्षों, दण्ड प्रावधानों तथा सुरक्षित वाहन–चालन के आवश्यक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने एंटी–रैगिंग के संदर्भ में बताया कि किसी भी प्रकार का उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक दबाव अथवा अनुचित व्यवहार विधि–विरुद्ध और दण्डनीय है।

<u>खेल</u>

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज सिडनी में तीन मैचों की टी–20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 45 मिनट से शुरू होगा। पिछले वर्ष दिसम्बर में भारतीय टीम ने मेहमान टीम श्रीलंका को पांच–शून्य से हराकर श्रृंखला अपने नाम की थी।

<u>रक्तदान</u>

जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में 2019 में आतंकवादी हमले में शहीद हुए देश के वीर सैनिकों की याद में हरिद्वार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। धीरवाली में आयोजित शिविर में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही महत्वपूर्ण व सराहनीय कार्य है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन जरुरतमंद लोगों की जान बचा सकता है।